Adda247

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ................................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—2009**

**PAPER—II**

# HINDI

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# HINDI

# हिन्दी

## PAPER – II

## प्रश्न-पत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** 'हिन्दुस्तानी' भाषा का रुप क्या है :

(A) संस्कृतनिष्ठ
(B) हिन्दी उर्दू मिश्रित
(C) दक्खिनी हिन्दी
(D) ब्रज अवधी का मिश्रित रुप

**2.** इनमें कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी वर्ग की नहीं है :

(A) बांगरु
(B) ब्रज
(C) कन्नौजी
(D) छत्तीसगढ़ी

**3.** वर्त्तमान समय में संविधान द्वारा स्वीकृत भाषाओं की संख्या है :

(A) चौदह (14)
(B) बीस (20)
(C) बाइस (22)
(D) छब्बीस (26)

**4.** 'ग्रिम नियम' का संम्बन्ध किससे है ?

(A) स्वनिम् विज्ञान
(B) बोली विज्ञान
(C) अर्थ विज्ञान
(D) कोश विज्ञान

**5.** नन्ददास की किस रचना का सम्बन्ध नायक-नायिका भेद से है :

(A) रासपंचाध्यायी
(B) रसमंजरी
(C) स्यामसगाई
(D) भंवर गीत

Adda247

6. 'आनन्द कादम्बिनी' के संस्थापक थे :

(A) भरतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) राधा चरण दास

7. 'दीदी' पत्रिका के सम्पादक थे :

(A) ठाकुर श्रीनाथ सिंह
(B) ठाकुर जगमोहन सिंह
(C) गणेशशंकर विद्यार्थी
(D) प्रतापनारायण मिश्र

8. इनमे कौनसी रचना कुँवरनारायण की है ?

(A) पथिक
(B) बाजश्रवा के बहाने
(C) मगध
(D) पहाड़ पर लालटेन

9. 'लड़ाई' के नाटककार हैं :

(A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
(B) उपेन्द्रनाथ अश्क
(C) रामकुमार वर्मा
(D) मोहन राकेश

10. 'कब्बे और कालापानी' के कहानीकार हैं :

(A) अखिलेश
(B) उदय प्रकाश
(C) स्वयं प्रकाश
(D) निर्मल वर्मा

11. 'रमणीयार्थ प्रतिपादक : शब्दः काव्यम्' किस आचार्य का कथन है :

(A) मम्मट
(B) विश्वनाथ
(C) पंडितराज जगन्नाथ
(D) भामह

Adda247

12. इनमें कौन बावरी पंथ से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) बुल्ला साहेब (B) बुलाल साहेब

(C) पलटू साहेब (D) सत साहेब

13. 'कब को टेरत दीन ह्वै, होत न स्याम सहाय!

तुम हू लागी जगत गुरु, जगनायक जग बाय!' इस दोहे में कवि :

(A) शिकायत करता है (B) प्रार्थना करता है

(C) आत्मनिवेदन करता है (D) व्यंग्य करता है

14. 'जन गण मन अधिनायक जय हे,

प्रजा विचित्र तुम्हारी है,

भूख भूख चिल्लाने वाली अशुभ

अमंगलकारी है'– इन पंक्तियों के लेखक हैं :

(A) केदारनाथ अग्रवाल (B) नागार्जुन

(C) केदारनाथ सिहं (D) धूमिल

15. 'सवंगी' रचना किसकी है ?

(A) दादूदास (B) पीपा

(C) रैदास (D) रज्जब

16. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना भारतवर्ष में कब हुई थी ?

(A) 1930 ई. में (B) 1932 ई.में

(C) 1936 ई.में (D) 1938 ई.में

17. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) हैदराबाद (B) कोचीन

(C) मद्रास (D) बंगलोर

Adda247

18. 'हिन्दुस्तानी' पत्रिका का प्रकाशन किस संस्था ने प्रारंभ किया ?

(A) हिन्दी अकादमी
(B) हिन्दी साहित्य एकेडेमी
(C) हिन्दी साहित्य सम्मेलन
(D) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान

19. 'शेष स्मृतियाँ' संस्मरण के लेखक हैं :

(A) केदारनाथ सिंह
(B) रघुवीर सहाय
(C) दूधनाथ सिंह
(D) कुँबरचन्द्र प्रकाश सिंह

20. झाँकियाँ निकलती हैं ढोंग अविश्वास की
बदबू आती है मरी हुई बात की
इस हवा में अब नहीं डोलूँगा
नहीं, नहीं, मैं यह खिड़की नहीं खोलूँगा।
ये पंक्तियाँ किसकी है :

(A) प्रभाकर माचवे
(B) भारतभूषण अग्रवाल
(C) नरेश मेहता
(D) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

21. निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम लिखिए :

(A) आखिरी कलाम, वैराग्य संदीपनी, बखै नायिकाभेद, बीसलदेव रासो
(B) बीसलदेव रासो, आखिरी कलाम, वैराग्य संदीपनी, बखै नायिकाभेद
(C) बखै नायिकाभेद, वैराग्य संदीपनी, आखिरी कलाम, बीसलदेव रासो
(D) बीसलदेव रासो, वैराग्य संदीपनी, बखै नायिकाभेद, आखिरी कलाम

22. निम्नलिखित हिन्दी समाचार पत्रों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) कर्मवीर, आज, विशाल भारत; जनसत्ता
(B) आज, कर्मवीर, विशाल भारत; जनसत्ता
(C) जनसत्ता, विशाल भारत, कर्मवीर, आज
(D) विशाल भारत, जनसत्ता, कर्मवीर, आज

23. दिनकर की रचनाओं का सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) हुंकार, रेणुका, रसवंती, उर्वशी

(B) रेणुका, रसवंती, उर्वशी, हुंकार

(C) उर्वशी, रेणुका, हुंकार, रसवंती,

(D) रसवंती, उर्वशी, हुंकार, रेणुका

24. निम्नलिखित नाटकों का रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) अंधायुग, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल, भारत दुर्दशा

(B) भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल, अंधायुग

(C) अंधायुग, भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल

(D) भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, अंधायुग, कोर्ट मार्शल

25. निम्नलिखित आलोचकों का कालानुसार सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) विजयदेवनारायण साही, डॉ. देवराज, रामस्वरूप चतुर्वेदी, लक्ष्मीकान्त वर्मा।

(B) डॉ. देवराज, लक्ष्मीकान्त वर्मा, विजयदेवनारायण साही, रामस्वरूप चतुर्वेदी

(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी, विजयदेवनारायण साही, लक्ष्मीकान्त वर्मा, डॉ. देवराज

(D) लक्ष्मीकान्त वर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी, विजयदेवनारायण साही, डॉ. देवराज

26. निम्नलिखित उपन्यासों का रचनाकाल के अनुसार सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) कसप, चन्द्रकान्ता, नदी के द्वीप, तितली

(B) तितली, चन्द्रकान्ता, कसप, नदी के द्वीप

(C) चन्द्रकान्ता, तितली, नदी के द्वीप, कसप

(D) नदी के द्वीप, कसप, चन्द्रकान्ता, तितली

Adda247

27. निम्नलिखित काव्य संग्रहों का काल क्रमानुसार सही अनुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) भग्नदूत, मँजीर, चाँद का मुँह टेढ़ा है, साखी

(B) मँजीर, चाँद का मुँह टेढ़ा है, साखी, भग्नदूत

(C) चाँद का मुँह टेढ़ा है, साखी, भग्नदूत, मँजीर

(D) साखी, चाँद का मुँह टेढ़ा है, मँजीर, भग्नदूत

28. निम्न लिखित का सही अनुक्रम क्या है :

(A) अस्तित्ववाद, फ्रायडवाद, संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद

(B) फ्रायडवाद, अस्तित्ववाद, संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद

(C) संरचनावाद, अस्तित्ववाद, फ्रायडवाद, उत्तरसंरचनावाद

(D) उत्तरसंरचनावाद, संरचनावाद, फ्रायडवाद, अस्तित्ववाद

29. निम्न लिखित निबंध संग्रहों का रचनाकाल के अनुसार सही क्रम रेखांकित कीजिए :

(A) चाबुक, परम्परा का मूल्यांकन, नयी कविता का आत्मसंघर्ष तथा अन्य निबन्ध, आत्मपरक

(B) परम्परा का मूल्यांकन, नयी कविता का आत्मसंघर्ष तथा अन्य निबन्ध, आत्मपरक, चाबुक

(C) चाबुक, नयी कविता का आत्मसंघर्ष तथा अन्य निबन्ध, आत्मपरक, परम्परा का मूल्यांकन

(D) नयी कविता का आत्मसंघर्ष तथा अन्य निबन्ध, आत्मपरक, परम्परा का मूल्यांकन, चाबुक

30. निम्नलिखित काव्यान्दोलनों का सही कालानुक्रम रेखांकित कीजिए :

(A) युयुत्सावाद, अकविता, नयी कविता, नकेनवाद

(B) नयी कविता, नकेनवाद, अकविता, युयुत्सावाद

(C) नकेनवाद, नयी कविता, अकविता, युयुत्सावाद

(D) नयी कविता, अकविता, नकेनवाद, युयुत्सावाद

Adda247

**31.** निम्नलिखित उपन्यास और उनके नारीपात्रों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | परख | (i) | जालपा |
| (b) | गबन | (ii) | शशि |
| (c) | त्यागपत्र | (iii) | कट्टो |
| (d) | शेखर एक जीवनी | (iv) | मृणालिनी |
| | | (v) | धनिया |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |

**32.** निम्नलिखित आत्मकथाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | दस द्वार से सोपान तक | (i) | वृन्दावन लालवर्मा |
| (b) | मेरी आत्म कहानी | (ii) | राहुल सांकृत्यायन |
| (c) | अपनी कहानी | (iii) | श्याम सुन्दर दास |
| (d) | मेरी जीवन यात्रा | (iv) | हरिवंश राय बच्चन |
| | | (v) | चन्दर सेन |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

Adda247

33. निम्नलिखित रचनाओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | बात बोलेगी | (i) | केदारनाथ अग्रवाल |
| (b) | साम्राज्ञी का नैवेद्य दान | (ii) | शिवमंगल सिंह सुमन |
| (c) | यमुना के प्रति | (iii) | अज्ञेय |
| (d) | अकाल में सारस | (iv) | शमशेर बहादुर सिंह |
| | | (v) | केदार नाथ सिंह |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |

34. निम्नलिखित रचनाओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हंसावली | (i) | कुतुबन |
| (b) | चन्दायन | (ii) | ईश्वर दास |
| (c) | सत्यवती | (iii) | कवि असाइत |
| (d) | मृगावती | (iv) | मुल्ला दाउद |
| | | (v) | उसमान |

Adda247

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |

35. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अप्सरा | (i) | वृन्दावन लालवर्मा |
| (b) | मृगनयनी | (ii) | प्रेमचन्द |
| (c) | कर्मभूमि | (iii) | निराला |
| (d) | मित्रो मरजानी | (iv) | कृष्णा सोबती |
| | | (v) | चित्रा मुद्‌गल |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (v) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (v) | (i) | (iii) |

36. निम्नलिखित ग्रन्थ और ग्रन्थकारों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रसगंगाधर | (i) | मम्मट |
| (b) | साहित्य दर्पण | (ii) | आनन्दवर्धन |
| (c) | काव्य प्रकाश | (iii) | विश्वनाथ |
| (d) | वक्रोक्ति जीवितम् | (iv) | कुन्तक |
| | | (v) | पंडित राज जगन्नाथ |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (v) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |

Adda247

**37.** निम्नलिखित काव्यपंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | राष्ट्रगीत में भला कौन यह भारत भाग्य विधाता है | (i) | गिरिजा कुमार माथुर |
| (b) | क्या करूं जो शंभुधनु टूटा तुम्हारा | (ii) | सर्वेश्वर दयाल सक्सेना |
| (c) | अब मैं कवि नहीं रहा, काला झंडा हूँ | (iii) | रघुवीर सहाय |
| (d) | साधो आज मेरे सत की परीक्षा है। | (iv) | विजय देव नारायण साही |
| | | (v) | प्रभाकर माचवे |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (v) | (iii) |

**38.** निम्नलिखित यात्रा साहित्य और उनके लेखकों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ठेले पर हिमालय | (i) | रांगेय राघव |
| (b) | आखिरी चट्टान | (ii) | अमृत राय |
| (c) | सुबह के रंग | (iii) | मोहन राकेश |
| (d) | पैरों में पंख बाँधकर | (iv) | रामवृक्ष बेनीपुरी |
| | | (v) | धर्मवीर भारती |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (v) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |

**39.** निम्नलिखित साहित्यिक वादों के साथ सम्बन्धित कवियों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रगतिवाद | (i) | अज्ञेय |
| (b) | हालावाद | (ii) | जगदीश चतुर्वेदी |
| (c) | अकविता | (iii) | सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (d) | प्रयोगवाद | (iv) | बच्चन |
| | | (v) | त्रिलोचन |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |
| (C) | (i) | (v) | (iv) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (v) |

**40.** निम्नलिखित पत्र – पत्रिकाओं को उनके सम्पादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भारतेन्दु | (i) | शिवप्रसाद गुप्त |
| (b) | ब्राह्मण | (ii) | प्रताप नारायण मिश्र |
| (c) | विशाल भारत | (iii) | राधाचरण गोस्वामी |
| (d) | आज | (iv) | बनारसीदास चतुर्वेदी |
| | | (v) | गणेश शंकर विद्यार्थी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |

41. **स्थापना (Assertion) (A) :** नाट्य का अपनी समग्रता में परिचय देना ही नट-कर्म के आगे पीछे जो मूल प्रयोजन है वहाँ तक जाना पड़ेगा ।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि नटकर्म या प्रयोग में कवि रचित काव्य प्रस्तुत किया जाता है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** गलत **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

42. **स्थापना (Assertion) (A) :** करूणा ही लोगों की श्रद्धा को अपनी ओर अधिक खींचती है

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि करूणा का विषय दूसरों का दुख नहीं है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

Adda247

43. **स्थापना (Assertion) (A) :** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचनाओं का मूल स्वर देश भक्ति नहीं है।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि देशप्रेम की भावना तत्कालीन भारतीय समाज में नहीं है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

**44.** **स्थापना (Assertion) (A) :** भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि उसमें अपने मंगल और लोकमंगल का संगम दिखाई पड़ता है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

**45.** **स्थापना (Assertion) (A) :** निराला की कल्पनायें उनके भावों की सहचरी नहीं है।

**तर्क (Reason) (R) :** क्योंकि उनकी कल्पनायें सुशील स्त्रियों की भाँति पति के पीछे-पीछे चलती नहीं है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

***निर्देश :*** *निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) के उत्तरों को दिये गये बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।*

महाकाव्य की रचना जातीय संस्कृति के किसी महाप्रवाह, सभ्यता के उद्गम, संगम, प्रलय, किसी महच्चरित्र के विराट उत्कर्ष अथवा आत्मतत्व के किसी चिर अनुभव रहस्य को प्रदर्शित करने के लिए की जाती है। आर्य-सभ्यता के विकास-काल में जब देव-दानवों का (अर्थात् दैव और आसुर संस्कृतियों का) संघर्ष हो रहा था, तब महर्षि वाल्मीकि ने देवपक्ष का विजयघोष करनेवाले रामायण महाकाव्य का निर्माण किया. वेदव्यास ने द्वापर के अन्त में कुरूक्षेत्र संग्राम का स्मारक महाभारत ग्रन्थ रखा, जो कलियुग का अग्रदूत, अत्यन्त दुखान्त सृजन है।

**46.** महाकाव्य की रचना किसको प्रदर्शित करने के लिए की जाती है?

(A) किसी महच्चरित्र के आत्मतत्व को

(B) किसी महत् विषय को

(C) किसी महान नायक को

(D) किसी महच्चरित्र के विराट उत्कर्ष को



Adda247

**47.** आर्य सभ्यता के विकास काल में किनके मध्य संघर्ष हो रहा था ?

(A) दैव और आसुर संस्कृतियों के मध्य
(B) आर्य और अनार्यों के मध्य
(C) देशी और विदेशियों के मध्य
(D) सत और असत प्रवृत्तियों के मध्य

**48.** महाभारत किस युग के अन्त में लिखा गया :

(A) त्रेता युग के अन्त में
(B) द्वापर के अन्त में
(C) भक्तिकाल के अन्त में
(D) आदिकाल के अन्त में

**49.** महाभारत को कैसा सृजन कहा गया है :

(A) सुखान्त सृजन
(B) प्रसादान्त सृजन
(C) दुखान्त सृजन
(D) सुखान्त दुखान्त सृजन

**50.** महाकाव्य की रचना में क्या होना चाहिए :

(A) राष्ट्रीय चेतना का महाप्रवाह
(B) जातीय संस्कृति का महाप्रवाह
(C) सांस्कृतिक सामाजिक चेतना
(D) मानवीय चेतना

- o O o -

Adda247

**Space For Rough Work**

Adda247